तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

# हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 31 मार्च 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



चैत्र नवरात्र पर ग्रामीण परिवारों को मिली ... 14



मछली उत्पादन कार्य का कलेक्टर ने किया... 14




## नवरात्रि विशेष



### द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-

दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

## पर्व : हिंदू संगठनों ने हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में शहर में निकाली बाइक रैली

# देवी मंदिरों में जली आस्था की जोत, सूर्य को अर्घ्य देते हुए धूमधाम से मनाया नववर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

माता आदिशक्ति की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि रविवार 30 मार्च को शुरू हुआ, इस बार ज्योति कलश की स्थापना मुख्य जोत के अलावा श्रद्धालुओं के द्वारा भी किया गया और हिंदू वर्ष के अनुसार 30 मार्च को पहला दिन होने के कारण नववर्ष को धूमधाम से मनाया गया। संस्कार भारती ने सुबह सूर्य को अर्ध्य दिया और एक दूसरे को नववर्ष की बधाई दिया। नवरात्र के पहले ही दिन से मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।

कांकेर शहर के शीतला मंदिर, सिंहवाहिनी मंदिर, कंकालिन मंदिर व अन्य देवी मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर माता का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। नवरात्र आदिशक्ति की पूजा का पर्व है और मां दुर्गा की विशेष आराधना की जाती है, जिसका विशेष महत्व है। नवरात्र में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। नवरात्र के पहले दिन नगर के देवी मंदिरों में शहर के अलावा दूरदराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में भक्तगण माता के दर्शन के लिए देवी मंदिरों में पहुंचे। चैत्र नवरात्र के प्रारंभ में 30 मार्च को मंदिरों व घरों में जोत कलश की स्थापना की गई। शीतला मंदिर, आदि शक्ति मां सिंहवाहिनी मंदिर, गढ़िया पहाड़ में कांकेश्वरी देवी, नाथियानवागांव में माँ त्रिपुर सुंदरी देवी में पूजा अर्चना के बाद कलश स्थापना किया गया। शहर के शीतला मंदिर एवं अन्य मंदिरों में सायं साढ़े 4 बजे पूजा प्रारंभ हुई और साढ़े पाँच बजे आरती करने के उपरांत मुख्य ज्योति कलश का स्थापना किया गया एवं उसके बाद श्रद्धालुओं के कलश का स्थापना की गई। कलश स्थापना में प्रत्येक श्रद्धालु अपने हाथों से अपने कलशों को प्रज्वलित किए।



### संस्कार भारती की महिला सदस्यों ने दिया अर्ध्य



संस्कार भारती इकाई कांकेर परिवार के सदस्यों द्वारा रविवार को नव वर्ष के स्वागत के लिए सुबह पौने 6 बजे डाढ़िया तालाब में उदित होते भगवान सूर्यदेव की प्रथम किरण को मंत्रोच्चारण शंखनाद, डमरू वादन करते जल अर्ध्य दिया और दीप प्रज्ज्वलित कर जल में प्रवाहित करते हुए एक दूसरे को नववर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दिया। संस्कार भारती की महिला सदस्यों के द्वारा एक-दूसरे को हल्दी, कुमकुम और तिलक लगाकर भारतीय नव वर्ष का स्वागत किया गया।

### हिंदू नववर्ष पर निकाली बाईक रैली



श्रीरामजी की सेना व अन्य हिंदू संगठन सिंगारभाट में स्थित हनुमान मंदिर के पास एकत्र हुए और हनुमान मंदिर में पूजा पाठ के उपरांत मंदिर परिसर में जय हनुमान, जय श्रीराम के नारों की गूंज के साथ बाईक रैली प्रारंभ हुई। बाईक रैली सिंगारभाट से राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर पहुँची और शहर के मुख्य मार्ग से होते हुए जयश्रीराम के नारों के साथ ऊपर नीचे रोड के पास स्थित पंचमुखी मंदिर पहुँचेगी और आरती के उपरांत बाईक रैली गोविंदपुर मैदान पहुँचेगी और गोविंदपुर से शीतला मंदिर में आयोजित गंगा आरती में शामिल होकर रैली का समापन राजपारा रामजानकी मंदिर परिसर मे हुई। रैली के दौरान युवक ध्वज लेकर भ्रमण कर रहे थे। युवाओं में नव वर्ष को लेकर जोश देखने को मिला। नवरात्रि का पहला दिन होने के कारण शहर में भी चारों तरफ भीड़ ही नजर आई।

### अंग्रजी कैलेंडर से 57 साल आगे विक्रम संवत

राजा विक्रमादित्य के शासनकाल में सबसे बड़े खगोल शास्त्री वराहमिहिर थे, जिनकी सहायता से संवत के प्रसार में मदद मिली। यह अंग्रेजी कैलेंडर से 57 वर्ष आगे 2024 + 57 = 2081 विक्रम संवत की शुरूआत हुई। हिजरी संवत को छोड़कर सभी कैलेंडर में जनवरी या फरवरी में नए साल का आगाज होता है। भारत में कई कैलेंडर प्रचलित हैं, जिनमें विक्रम संवत और शक संवत प्रमुख हैं। पूरी दुनिया में काल गणना के दो ही आधार हैं सौर चक्र और चंद्र चक्र। सौर चक्र के अनुसार पृथ्वी को सूर्य की एक परिक्रमा करने में 365 दिन और लगभग छह घंटे लगते हैं। इस तरह देखा जाए तो सौर वर्ष पर आधारित कैलेंडर में साल में 365 दिन होते हैं, जबकि चंद्र वर्ष पर आधारित कैलेंडरों में साल में 354 दिन होते हैं।

## कलश यात्रा के साथ शुरु हुई देवी भागवत कथा



**भानुप्रतापपुर।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर दुर्गा मंदिर सुभाषपारा में रविवार 30 मार्च से श्रीमद देवी भागवत कथा प्रारंभ हो गया है। व्यासपीठ पर प्रवचनकर्ता बाल विदुषि शुभ आरती दीदी के श्रीमुख से प्रवाहित है। कथा का समय दोपहर साढ़े तीन बजे से रात्रि 7 बजे तक चलेगा। प्रथम दिवस रविवार को कलश यात्रा, गौरी गणेश पूजन, देव प्रतिष्ठा एवं ज्योति स्थापना किया गया। दूसरे दिवस चित्रोत्पला गंगा मैया का प्राकाट्य व शीतला मैया दिव्य दर्शन, तीसरे दिवस दयग्रीवा अवतार एवं विष्णु द्वारा अम्बा यज्ञ महाशक्ति, चौथे दिवस शिव-पार्वती मंगल की कथा एवं बाबा शंभु का दिव्य दर्शन, पंचम दिवस शिवरात्रि, नवरात्रि, महारात्रि की कथा, नवदुर्गा दिव्य दर्शन, छटवें दिवस तुलसी विवाह, मणि दीप दर्शन अनंत रूपों के पूरे विश्व में कल्याण की कथा। सातवे दिवस अष्टमी हवन पूर्णाहूति और आठवें दिवस कन्याओं का स्वागत एवं पूजा सुहागन माताओं का सुहाग रक्षा की प्रार्थना गुरुओं की पूजा बुजुर्गों का सम्मान किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### हेमंत का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन

**दुर्गूकोंदल।** प्राथमिक शाला मोहगांव में संकुल केंद्र से हेमंत कुमार का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर उसे पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए मुंह मीठा कराकर बधाई दी गई। असफल हुए छात्रों को आगे बढ़ने के लिए अच्छी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य एसएस नेगी, आर सोनगेंड़, अस्सी राम कोरेटी, बलराम भोयर, जोहन गावड़े, प्रवीण दुग्गा व अन्य उपस्थित रहे।

### अवैध रुप से शराब बेचने वाला कोचिया गिरफ्तार

**कांकेर।** पखांजुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि आरोपी अधिक पैसा कमाने के लिए आने जाने वाले लोगो को शराब पीने की अवैध ढंग से सुविधा दे रहा है। जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने 29 मार्च को दोपहर ढाई बजे आरोपी के घर पीवी 125 बैंकुण्ठपुर पर छापेमार कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## चैत्र नवरात्र के महापर्व का हुआ आगाज



बंजारी माता मंदिर में 231 मनोकामना ज्योति कलश हुए प्रज्वलित

**दुर्गूकोंदल।** आदि शक्ति बंजारी माता मंदिर हाहालद्दी में नवरात्र के प्रथम दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में 231 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया।मंदिर समिति के पदाधिकारीयों एवं भक्त जनों की उपस्थित में पंडित तमेश्वर प्रसाद तिवारी ने मां स्कन्द माता को स्मरण करके विधि-विधान के साथ मनोकामना ज्योति जलाई है। बंजारी माता मंदिर हाहालददी दुर्गूकोंदल में हिंदू नव वर्ष का स्वागत लोग मंदिरों में जाकर अपने इष्ट देव का दर्शन करके और आशीर्वाद लेकर कर रहे हैं। इस दौरान श्रद्धालुओं की मंदिर में जबरदस्त भीड़ है। साथ ही आज ही चैत्र नवरात्रि का पहला दिन है, जिसको लेकर भी भक्तों में जबरदस्त उत्साह है। श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है और काफी संख्या में भक्त मंदिर में दर्शन कर रहे हैं। अलग-अलग जिलों के साथ-साथ देश के अन्य राज्यों उड़ीसा, उत्तरप्रदेश, हरियाणा व जर्मनी देश से भी ज्योति जलाई गई। नवरात्र के पहले ही दिन से भक्तों में भक्तिमयी माहौल देखने को मिल रहा है। समिति के अध्यक्ष हरिशचंद सिन्हा, उपाध्यक्ष सावत राम साहू, सचिव भूपेंद्र सिन्हा, कोषाध्यक्ष सोहन लाल ▶▶| शेष पेज 12 पर

## जांच के दौरान नशे में हंगामा पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

▪ नशे की हालत में आरोपी ने की अभद्रता



चारामा थाना क्षेत्र में कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त एवं अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के ऊपर निगाह रखते हुए अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के दिशा निर्देश उच्चाधिकारियों से थाना चारामा पुलिस को मिला था।

थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में चारामा थाना क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए ग्राम कण्डेल के हुडदंग करने वाले युवक के विरुद्ध प्रतिबंधात्क धाराओं के तहत कार्यवाही किया। कण्डेल निवासी 60 वर्षीय जोहन राम यादव पिता स्व. सरजूराम यादव ने थाना में शिकायत किया था, जिसका जांच जारी था। पुलिस पार्टी द्वारा ग्राम कण्डेल में जांच कर रही थी, उसी समय आरोपी कण्डेल निवासी 33 वर्षीय हरीशचन्द्र पिता जोहन राम यादव नशे की हालत में वहां पर पहुंचा और आवेदक को कहने लगा कि तुम मेरे खिलाफ पुलिस में शिकायत किए हो बोलकर वाद विवाद करने लगे। मौके पर उपस्थित पुलिस द्वारा समझाया गया, परंतु आरोपी आक्रोशित होकर पुलिस के सामने ही आवेदक से अभद्र व्यवहार करते हुए वाद विवाद कर मारपीट करने पर उतारू होने लगा व अपशब्द बोलते हुए क्या करोगे मेरा बोल कर शांति भंग करने लगा। पुलिस ने आरोपी को समझाने का प्रयास किया गया जो, नहीं मान रहा था। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर ▶▶| शेष पेज 12 पर

## पशु मेला : पशुपालकों को किया गया जागरूक, ग्रामीणों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उमरादाह

▪ कुरना में दो दिवसीय लाइवस्टॉक पशु मेला का आयोजन



कुरना मेंआयोजन पशुधन विकास विभाग के द्वारा दो दिवसीय लाइव स्टॉक पशुमेला का अयोजित किया गया, जिसमें आसपास कई गांव के पशुपालक पहुंचे और उनकी शंकाओं का समाधान पशु विभाग से उपस्थित चिकित्सकों ने किया। पशु विभाग की टीम ने पशुपालकों को इसे व्यापार का रूप देने के लिए जानकारी भी दिया गया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने आयोजित पशु मेला में उपस्थित ग्रामीणों से कहा कि सरकार ने इस विभाग के महत्व को समझते हुए अफसरों को गांव में मिला लगाने निर्देशित किया और उसी का परिणाम है कि यह मेला लगा। ग्रामीणों को अब पशुपालकों में भी सहभागिता दिखानी होगी। पशुपालन को लेकर जो भी समस्या व शंकाए है, उनको दूर करने के लिए ही जिलेभर से अधिकारी आपके गाँव पहुँचे है। ऐसे मेला एवं शिविरों को ग्रामीणों का लाभ लेना चाहिए। ग्रामीणो को जानकारी देते हुए बताया कि पशुपालन के आर्थिक महत्व की जानकारी दी गई एवं सभी पशु मेला में विभिन्न वर्ग के पशु प्रतियोगिताएं भी कराई गई। पशु विभाग के उपसंचालक डॉ. सत्यम मिश्रा ने कहा कि सरकार ने ग्रामीणों को जागरूक करने यह मेला आयोजित हुआ है, इसका लाभ सभी गांव के लोगों को लेना चाहिए। ग्रामीणों को जागरूक करने विभिन्न वर्ग में पशु प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। संकर बछड़ा वर्ग, संकर बछिया वर्ग, दुधारू गाय, बैल जोड़ी, बकरा बकरी, मुर्गा मुर्गी एवं सूकर वर्ग के विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में विधायक द्वारा पशु प्रतियोगिता ▶▶| शेष पेज 12 पर

## कुल्हाड़कट्टा का 2 दिवसीय आनन्द मेला 9 अप्रैल से

**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत कुल्हाड़कट्टा का 2 दिवसीय आनन्द मेला का आयोजन 9 अप्रैल से किया जाएगा। ग्राम पटेल उदेसिंग कोरेटी, ग्राम गायत देवजीराम उयके, कोटवार प्रीतराम नेताम, भंजन सिंह आचला, सिंगलुराम कांगे, भक्तु राम जैन, नरेश मांडवी, फरस आंचला, देव सिंह कोरेटी, गोलू जैन, रामकृष्ण उयके, दीपक कुमार नेताम, रोशन जैन, दिनेश जैन, रामशरुप जैन, गजेद जैन, सुखराज उयके, ठाकुर राम मांडवी, चमार सिंह कोरेटी,राजेश तेता, संतोष कोर्राम, फूलचंद्र जैन, घनश्याम, संजय तेता, रामनाथ उयके, सुखचंद नेताम, नरेद कोरेटी, त्रिलोचन निषाद, मनोहर टांडिया, जीतेंद्र मरकाम ने बताया मेले में कोर्रामपारा, मोहगांव, रानवाही, घोठा, रानीढ़ोगरी ,सहित आसपास के ग्रामीण शामिल होंगे और रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

## कन्या छात्रावास पहुंचे कलेक्टर, परिसर व भोजनालय का किया औचक निरीक्षण



**दुर्गूकोंदल।** जिला कलेक्टर ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, दुर्गूकोंदल के भण्डारडिगी स्थित निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में लगे लोगों से बातचीत कर निर्माण कार्य पूरा होने के संबंध में जानकारी लेते हुए अप्रैल तक भवन निर्माण पूरा होने की संभावना व्यक्त किया। जिला कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर विकासखण्ड दुर्गूकोंदल में औचक निरीक्षण पर पहुंचे और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, दुर्गूकोंदल के कन्या छात्रावास में छात्रावास के परिसर, कमरों और भोजनालय का निरीक्षण करने के साथ ही साथ छात्र-छात्राओं से उनके भोजन, नाश्ते, पठन-पाठन आदि व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लिया। कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं को अगले महीने तक ▶▶| शेष पेज 12 पर

## हर्षोल्लास के साथ मनाई गई चेट्रीचंड जयंती

# भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव की धूम, युवाओं ने निकाली बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सिंध समाज ने चेट्रीचंड जयंती हर्षोल्लास से हुआ, जिसके तहत दिन भर विविध धार्मिक कार्यक्रम हुआ। चेट्रीचंड जयंती पर मंदिर में सुबह के दौरान पूजा हुआ। उसके उपरांत युवा वर्ग ने फिर बाइक रैली निकाली गयी। शाम को शोभायात्रा निकाली गयी।

चेट्रीचंड जयंती पर 7 दिन से सुबह के दौरान रोजाना प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें झूलेलाल मंदिर से सिंध समाज के लोग अलग अलग मोहल्ला में भजन कीर्तन करते हुए जाते थे और 30 मार्च को प्रभात फेरी का समापन हुआ। चेट्रीचंड जयंती पर समाजजनो ने अपने व्यावसायिक प्रतिष्ठान पूरी तरह से बंद रखा और पर्व में शामिल हुए। अन्नपूर्णापारा वार्ड में स्थित झूलेलाल मंदिर में समाजजनो ने ईष्टदेव भगवान झूलेलाल की सुबह 8 बजे पूजा शुरू हुई । भगवान झूलेलाल को शुद्ध जल से अभिषेक किया गया, फिर भगवान झूलेलाल में पुष्प वर्षा की गई, उसके उपरांत विधि विधान से महाआरती की गई। मंदिर में पूजा पुजारी पंडित लखन शर्मा महराज ने करवाया। मंदिर में भगवान झूलेलाल का दर्शन करने, मत्था टेकने के लिए समाजजनो की लाईन लग रही। सभी श्रद्धालुओ को प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर में भगवान झूलेलाल का दर्शन करने व मत्था टेकने के लिए अन्य दूसरे समाज के लोग भी पहुंचे।





### सिंध समाज के युवाओं ने निकाली बाईक रैली

दोपहर 12 बजे के बाद डीजे के साथ बाइक रैली निकाली गयी। जिसमे बड़ी संख्या में समाजजनो ने भाग लिया। बाइक रैली निकालने के पहले आतीशबाजी कर समाजजन खुशी से झुमते हुए नजर आए। बाइक रैली झूलेलाल मंदिर से सिंधी धर्मशाला से रमा लाज से पुराना बस स्टैंड, फिर नया बस स्टैंड से वापिस मुख्य मार्ग होते हुए कोमलदेव क्लब से वापस झूलेलाल मंदिर में समापन हुआ। जिसमे बड़ी संख्या में समाजजनो ने बाइक रैली में भाग लिया। इस दौरान रास्तें में जगह जगह पर रैली का स्वागत भी किया गया।

### आतिशबाजी का हुआ भव्य आयोजन

रैली के बाद दोपहर 1 बजे से पुराने कम्युनिटी हाल में आम लंगर का आयोजन किया गया था, जिसमें समाज के लोगो के आलावा बाहर के लोगो को भी प्रसाद वितरण स्वरूप भोजन कराया गया। लंगर के बाद शाम 5 बजे के बाद समाज के सदस्यों द्वारा शोभायात्रा निकाली गई जो शहर भ्रमण कर शोभायात्रा वापस आने के पश्चात मंदिर पहुँचे। आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया, जिसे देखने के लिए शहर के लोग एकत्र हुए।

### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

कार्यक्रम को सफल बनाने में सिंध समाज के अध्यक्ष राजा देवनानी, दिलीप खटवानी, मनोहर लालवानी, राजकुमार आसरानी, राजकुमार फब्यानी, अजय मोटवानी, मेघराज मंगलानी, मनोहर मंगलानी, दीपक खटवानी, राजकुमार पंजाबी, जगदीश खटवानी, हितेंद्र खटवानी, विजय बंटी खटवानी, डॉ. कमल लालवानी, राकेश आहूजा, राजकुमार लच्छानी, रवि ललवानी, राकेश मोटवानी, अजय मंगलानी, सन्नी खटवानी, सचिन गिडलानी, सुमित पंजाबी, मोंटी खटवानी, सुनील लच्छानी, सुमित मंगलानी, मनीष देवनानी, आकाश मंगलानी, मनीष केशवानी, रोहित मोटवानी, प्रशांत खटवानी, दीपक पंजवानी, गोल्डी लालवानी, आशीष फव्यानी, आयुष मंशानी, पीयुष मंशानी, राहुल मोटवानी, विशाल गोलानी, सुनील भाषवानी, रितिक आहूजा, आकाश बजाज, भरत केशवानी, सागर मूलचंदानी, सूरज मोटवानी, प्रिंस गिडलानी, रजत असरानी व अन्य समाज के लोगों ने योगदान दिया।

## बाइक चोरी कर मोडीफाई करने का आरोप बाइक चोर से की मारपीट, दर्ज हुआ मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भानुप्रतापपुर थानांतर्गत बसंतनगर नारायणपुर के युवक के साथ चार लोगो ने मिलकर हाथ-मुक्का व डंडा से मारपीट किया व जान से मारने की धमकी दिया। आरोपियों का कहना था कि युवक मोटर सायकल को चोरी कर उसे मोडीफाई करता था। मारपीट का शिकार हुए युवक ने चारो के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया, जिस पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे बसंतनगर नारायणपुर निवासी 20 वर्षीय दिपानत खान पिता हामीर ने पुलिस को बताया कि टाईल्स लगाने का काम करने के साथ-साथ मोटर सायकलों को मोर्डीफाई करने का काम करता हूं और 28 मार्च को शाम करीबन 6 बजे अपने घर पर था। चार लोग मेरे घर आए जो एक-दूसरे को लक्की रावटे, महेश जाधव, महेश पटेल और आदित्य कृषान के नाम से पुकार रहे थे। चारो ने मिलकर मुझे गाली देते हुए मोटर सायकल चोरी करता है और घर में मोडीफाई करता है, कहकर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्का, लाठी-डंडा से मारपीट करने लगे। मारपीट करने से मेरे सिर व शरीर के अन्य हिस्सो में चोट आया है। मारपीट को देख आसपास में मौजूद लोगो ने बीच बचाव किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## खबर संक्षेप

### 188वीं वाहिनी सी.आर.पी.एफ ने चैत्र नवरात्र पर किया शक्ति पूजन

**कोण्डागांव।** 188वी वाहिनी सी.आर.पी.एफ. मुख्यालय, चिखलपुटटी, कोण्डागांव द्वारा कमाण्डेंट भवेष चौधरी, 188वी वाहिनी के निर्देशन, मार्गदर्शन एवं नीतीन्द्र नाथ द्वितीय कमान अधिकारी के नेतृत्व में कैम्प परिसर के मंदिर प्रांगण में वाहिनी कार्मिको व उनके परिवार के सुख शांति के लिए चौत्र नवरात्र की प्रथम दिन में माँ दुर्गा और उनके नौ रुपो की पूजा अर्चना करके चौत्र नवरात्र की विधिवत शुरुआत की गई तथा कलष स्थापित किया गया। यह पर्व हर साल चौत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तिथि मनाया जाता है। इस दौरान जगत जननी मां दुर्गा और नौ रुपो की पूजा की जाती है । इस अवसर पर 188 बटालियन के अधिकारियों अभिजीत काले उप कमाण्डेन्ट, ओमप्रकाष विष्नोई सहा. कमाण्डेन्ट, चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल चन्द्रन आर.पी. वाहिनी के अधिनस्थ अधिकारियो व भारी संख्या में जवान बढ़ चढ़ कर भक्ति भाव से हिस्सा लिया तथा सभी ने पूजा अर्चना कर माँ दुर्गा से इस बटालियन के लिए खुषहाली एवं समृद्वि के लिए कामना की गई ।

### चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों का महीनों से वेतन लंबित : तरूणा

**जगदलपुर।** आदिवासी विकास विभाग के अंतर्गत कार्यरत शासकीय छात्रावासों में नियुक्त चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों का महीनों से वेतन भुगतान नहीं होने के कारण वे आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। इस गंभीर समस्या को उठाते हुए आम आदमी पार्टी की प्रदेश सचिव तरुणा साबे ने विभाग और राज्य सरकार से अविलंब वेतन और श्रम सम्मान राशि का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है। तरुणा साबे ने जारी कर बताया कि बस्तर जिले में आदिवासी विकास विभाग द्वारा कार्यरत जल वाहक, स्वीपर, रसोईया, चपरासी, चौकीदार जैसे चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों को पिछले छह महीनों से वेतन नहीं मिला है। इसके अलावा, विभाग द्वारा श्रम सम्मान राशि का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है, जिससे ये कर्मचारी भारी आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं।

### विद्यार्थियों ने पेड़ पौधों पर शुरू किया लघु शोध

**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बड़ेमुरमा के युवा एवं इको क्लब के छात्र-छात्राएं एनसीईआरटी, भोपाल के निर्देश में अपने आसपास के पौधों का समुदाय द्वारा उपयोग एवं महत्व विषय पर एक लघु शोध कार्य कर रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, डीएमसी अखिलेश मिश्रा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मान सिंह भारतद्वाज, मार्गदर्शन में के यह शोध बस्तर क्षेत्र के समृद्ध पारंपरिक ज्ञान को समझने और संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पारंपरिक ज्ञान का दस्तावेजीकरण छात्रों ने स्थानीय समुदायों, विशेष रूप से आदिवासी समूहों से संवाद कर उनके द्वारा उपयोग किए जाने वाले पौधों की जानकारी एकत्र कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में उन्होंने इमली, महुआ, सागौन, साल, सरई, , बहेरा, बेल और चार जैसे औषधीय और आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण पौधों का अध्ययन किया जा रहा है।

# यादव समाज ने किया केशकाल नपं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व पार्षदों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| केशकाल

यादव समाज केशकाल ने वार्ड क्रमांक 8 में नवनिर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष व पार्षद गणों का सम्मान समारोह आयोजित किया, जहां केशकाल नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बिहारीलाल सोरी व उपाध्यक्ष भूपेश सिन्हा सहित विभिन्न वार्ड के पार्षद का सम्मान यादव समाज द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद व उपाध्यक्ष नगर पंचायत केशकाल भूपेश सिन्हा ने कहा कि इस वार्ड में मेरे द्वारा भारी मतों से जीत दर्ज की गई है, उन्होंने आने वाले समय में वार्ड के विकास को लेकर सदैव तत्पर रहने की बात कही। वहीं उन्होंने वार्ड वासियों से कहा कि लगातार वार्ड वासियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर समय-समय पर मैं मुलाकात करता रहूंगा व जल्द ही उसे धरातल पर उतरने की कोशिश करूंगा इसके साथ ही मैं कार्यक्रम घोषणा करता हूं कि आने वाले समय में इसी स्थान पर यादव समाज का भवन बनाया जाएगा जिसको लेकर समाज द्वारा उत्साह का माहौल बना दिखा। वहीं सभा को संबोधित करते हुए बिहारी लाल सॉरी ने बताया कि केसकाल नगर पंचायत में आप लोगों की अच्छी सोच व एक अच्छे पहचान के चलते आज नगर पंचायत केशकाल में निर्दलीय की सरकार बनी है आने वाले समय में केशकाल नगर की सभी 15 वार्डों में विकास के एक नया आयाम करने की कोशिश करेंगे इसके साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी वार्डों में पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से बनाए रखने की बात कही।

## नपं अध्यक्ष ने की कार्यक्रमस्थल पर यादव समाज का भवन बनाने की घोषणा



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड पार्षद सुदर्शन कुंजाम, हीरा सोलंकी, हर्षा कोठारी, तुलाराम यादव, मनोज कुमार गोयल, अनिल सेन, योगेंद्र यादव, बोमलेश्वर मरकाम, हितेश यादव, वासुदेव यादव, नकुल यादव, शिवलाल यादव, तुलसी यादव व समाज के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित हुए।

## पीएम आवास योजना के तहत बने घर में हुआ कार्यक्रम

# ग्रापं मोहलई में की गई गृह प्रवेश की रस्म



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

ग्राम पंचायत मोहलई विकास खंड फरसगांव जिला कोंडागांव में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पिछड़े और वंचित तबकों को लेकर काफी संवेदनशील रही है। यह सरकार की योजनाओं से साफ झलकता है। गरीब कल्याण की एक ऐसी ही योजना है। प्रधानमंत्री आवास योजना जो काफी सफल साबित हो रही है। इसकी कामयाबी की एक बड़ी वजह है पीएम मोदी का इससे व्यक्तिगत लगाव। प्रधानमंत्री गरीबों के लिए बनने वाले मकानों में गृह प्रवेश की रस्म में भी



शामिल होते हैं। इससे लाभार्थियों की खुशी दोगुनी हो जाती है। इसी कड़ी में रविवार को ग्राम पंचायत मोहलई में गृह प्रवेश की रस्म मनाई गई ग्राम पंचायत मोहलई पंचायत परिवार शरीक होकर हितग्राही आत्माराम साहू के आवास का किया गया गृह प्रवेश गृह प्रवेश में ग्राम पंचायत मोहलई के पंचायत परिवार ने विधिवत आवास की पूजा अर्चना कर गृह प्रवेश का शुभारंभ किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके में ग्राम पंचायत मोहलई से सरपंच हिरामती मंडावी, उपसरपंच अजय जैन, पंचगण गोपाल पाण्डे विनोद मरकाम, बीरसिंह मरकाम, पवन बाई, योगेश्वरी, संतोषी, सोमारी, गनेशिया एवं ग्रामवासी लछिन्धर मंडावी, टिकेश्वर सोनवंशी, पाहरू राम मरकाम, चौधरी मरकाम, गौतम बघेल, राजकुमार जैन, भारती मंडावी उपस्थित रहे।

## नववर्ष पर मिला नया आशियाना, पीएम आवास योजना ने पूरा किया बेटियों का सपना

**कोण्डागांव/फरसगांव।** जिला मुख्यालय से 21 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत भानपुरी के रहने वाले दयाराम कोर्राम और उनके परिवार के लिए यह नव वर्ष बेहद खास रहा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिले पक्के मकान में उन्होंने नव वर्ष के अवसर पर गृह प्रवेश कर अपने नए जीवन की शुरुआत की। दयाराम कोर्रम, जो कि एक कृषक हैं, अपने तीन बच्चों के साथ रहते हैं। उनके सीमित आय के कारण उनका सपना एक पक्के घर में रहने का था। जिसे उनकी बेटियां दीपिका और ज्योति भी वर्षो से संजोए हुए थीं। कृषि कार्य से होने वाली आमदनी सिर्फ घर खर्च तक सीमित थी जिससे खुद का पक्का मकान बनाना संभव नहीं था। लेकिन सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके इस सपने को साकार किया।



### पूरे परिवार में खुशी की लहर

वित्तीय वर्ष 2024–25 में स्वीकृत आवास सूची में जब उनका नाम आया तो परिवार की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। योजना के तहत मिली आर्थिक सहायता से उन्होंने तुरंत निर्माण कार्य शुरू किया और निर्धारित समय में अपना घर पूरा कर लिया। चौत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर गृह प्रवेश संपन्न हुआ। जिससे पूरे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई।

### आशा की एक नई किरण है योजना

इस अवसर पर उनकी बेटियों दीपिका और ज्योति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह योजना उनके लिए एक वरदान साबित हुई है। प्रधानमंत्री आवास योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए आशा की एक नई किरण बन रही है। यह योजना कई ऐसे परिवारों का सपना पूरा कर रही है, जो एक पक्के घर की चाह में थे।

# हादसे में 3 की मौत, गांव में छाया मातम



हरिभूमि न्यूज ▸▸| केशकाल

कोंडागांव जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में मांझी आठगांव के पास छोटेराजपुर के तीन युवकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी। तीनों युवक छोट राजपुर के निवासी थे। जिनमें से दो युवक इकलौते पुत्र थे मृत्यु की सूचना मिलते ही पूरे गांव में मातम छा गया, यह घटना कल नेशनल हाईवे 30 में फरसगांव एवं केशकाल के बीच मांझीआठ गांव के समीप हुई थी। आज पोस्टमार्टम के बाद जिला अस्पताल कोंडागांव से तीनों मृतकों के शव को अलग-अलग वाहनों से ग्रह ग्राम छोटराजपुर लाया गया जहां ग्रामीण एवं नेताओं ने मृतक युवकों को श्रद्धांजलि अर्पित की जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री हीरा सिंह नेताम सरपंच एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

# पीएम आवास योजना के तहत जिले में महा गृहप्रवेश कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में आज बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के तहत राज्य के 3 लाख पूर्ण आवासों के हितग्राहियों का सामूहिक गृह प्रवेश कराया गया। चैत्र नवरात्रि और हिंदू नववर्ष के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम के तहत जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत में गृह प्रवेश समारोह आयोजित की गई।

### हितग्राहियों को सौंपी गई प्रतीकात्मक चाबी

इसी कडी में जनपद पंचायत कोंडागांव के ग्राम पंचायत बनियागांव में भी कार्यक्रम संपन्न हुआ जहां हितग्राहियों को प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई और उन्हें नए आवास के लिए शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही, मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा जारी विष्णु की पाती भी हितग्राहियों को भेंट की गई। गृह प्रवेश के दौरान जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पारंपरिक रीति–रिवाजों के अनुसार दीप प्रज्वलन कर हितग्राहियों को उनके नए घरों में प्रवेश कराया गया।



### सपनों का घर परिवार के साथ सुरक्षित और सुकून भरा जीवन

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्के मकान प्राप्त कर श्रीमती सुशीला बाई, श्रीमती प्रमिला निषाद और रमेश सहित कई हितग्राहियों ने अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने बताया कि पहले कच्चे मकान में रहने से उन्हें अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था और आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण पक्का मकान बनाना संभव नहीं था। लेकिन इस योजना के तहत उन्हें अपने सपनों का घर मिला जिससे अब वे अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सुकून भरा जीवन व्यतीत कर सकेंगे। हितग्राहियों ने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार प्रकट किया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत कोंडागांव की अध्यक्ष अनीता कोर्राम, जनपद पंचायत कोंडागांव की सीईओ रश्मि पोया, विभिन्न ग्रामों के सरपंच, पंच और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 15 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

जंगलो में रहने की कठिनाईयों से तंग आकर नक्सलवाद की ओर भटके युवा अब समाज के मुख्यधारा में जुड़ने लगे हैं। आज 15 माओवादियों ने आत्मसमर्पण की इच्छा जाहिर करते हुये लोन वर्राटू घर वापस आईये अभियान के तहत समर्पण किया। इन माओवादियों को आत्मसमर्पण कराने में आरएफटी दन्तेवाड़ा, 111वीं वाहिनी सीआरपीएफ, 195 वीं वाहिनी सीआरपीएफ, 230वीं वाहिनी सीआरपीएफ एवं 231वीं वाहिनी सीआरपीएफ दन्तेवाड़ा का विशेष योगदान रहा। आत्मसमर्पित माओवादियों को पुनर्वास नीति के तहत 25 हजार रूपये की सहायता राशि के साथ छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिलने वाली अन्य सुविधायें स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रशिक्षण तथा कृषि भूमि मुहैया कराई जाएगी।

समर्पण करने वाले नक्सलियों में सिक्का उर्फ भीमा मण्डावी 31 वर्ष निवासी पोटाली सूलेपारा थाना अरनपुर, पोटाली पंचायत जनताना सरकार अध्यक्ष, आसमति ओयाम 25 वर्ष निवासी तिमेनार ओयामपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर सीएनएम सदस्य,मंगल ओयाम 42 वर्ष



निवासी तिमेनार ओयामपारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर भूमकाल मिलिशिया सदस्य, लक्ष्मण उर्फ कर्मा पुनेम 25 वर्ष निवासी बेचापाल देवापारा थाना मिरतुर जिला बीजापु, बेचापाल आरपीसी मिलिशिया सदस्य, राजेश ओयाम 21 वर्ष जाति मुरिया निवासी बेचापाल देवापारा थाना मिरतुर जिला बीजापुर बेचापाल आरपीसी मिलिशिया सदस्य, गजलू कुंजाम 35 वर्ष निवासी बेचापाल गायतापारा थाना मिरतुर, बेचापाल आरपीसी डीएकेएमएस सदस्य, सनकू कड़ती 30 वर्ष निवासी बेचापाल स्कूलपारा थाना मिरतुर बेचापाल आरपीसी मिलिशिया सदस्य, दुनारू ओयाम 34 वर्ष जाति मुरिया निवासी बेचापाल गायतापारा थाना मिरतुर बेचापाल आरपीसी मिलिशिया सदस्य, रूपाराम वेंजाम 45 वर्ष निवासी निराम स्कूलपारा थाना बांगापाल ग्राम निराम डीएकेएमएस सदस्य, घासी लेकाम उर्फ पिन्टू 36 वर्ष निवासी निराम स्कूलपारा थाना बांगापाल ग्राम निराम डॉक्टर टीम सदस्य, भीमा तेलाम 27 वर्ष जाति मुरिया निवासी तमोड़ी गायतापारा थाना मिरतुर बेचापाल आरपीसी सीएनएम सदस्य, मनकू माड़वी 34 वर्ष जाति मुरिया निवासी तमोड़ी लोहारपारा थाना मिरतुर बेचापाल डीएकेएमएस सदस्य, बोटी पदाम 36 वर्ष जाति मुरिया निवासी तमोड़ी कुतूलंकापारा थाना मिरतुर बेचापाल आरपीसी मिलिशिया सदस्य, सन्नू ओढ़ी 27 वर्ष निवासी तमोड़ी लोहारपारा थाना मिरतुर बेचापाल आरपीसी मिलिशिया सदस्य एवं मनकु ओयाम 22 वर्ष निवासी तिमेनार ओयामपारा थाना मिरतुर मिलिशिया सदस्य शामिल हैं।

### मुख्यधारा में लाने की कोशिश हो रही सफल

नक्सलवाद की समस्या से सर्वाधिक नुकसान ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को हो रहा है जो नक्सलियों के बातों में आकर उनके साथ शामिल होकर हिंसा के मार्ग पर चल रहे हैं। दंतेवाड़ा जिले में घर वापस आईये अभियान का असर दिखने लगा है। यह पहल पुलिस महानिरीक्षक बस्तर सुन्दरराज पी., पुलिस उप महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक राकेश कुमार, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, पूजा कुमार एवं रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन में हो रही है। वहीं कमांडेंट 111वीं वाहिनी सीआरपीएफ नीरज यादव, कमांडेंट 195वीं वाहिनी सीआरपीएफ राजीव कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी 111वीं वाहिनी सीआरपीएफ पवित्रा चक्रवर्ती, सुभाष चंद्र प्रसाद, सत्यनारायण तवंर, गोपाल कुमार गुप्ता एवं उप कमाण्डेन्ट विमल कुमार के समक्ष डीआरजी कार्यालय दन्तेवाड़ा में आत्मसमर्पण हुआ।

## बड़ेडोंगर मार्ग में वाहनों की तलाशी, नशेड़ी चालक हिरासत में

# सार्वजनिक स्थल पर 5 शराब पिलाने वालों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव

फरसगांव क्षेत्रांतर्गत ग्राम फरसगांव बडेडोंगर जाने वाली रोड पर कुछ लोग अवैध रूप से शराब पिलाने का संसाधन उपलब्ध करा रहे थे मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके से 5 लोगों को गिरफ्तार किया है साथ ही इलाके में नाकाबंदी कर आवाजाही कर रही गाड़ियों की भी तलाशी की गई। जहां पुलिस को लोग शराब पीकर गाड़ी चलाते दिखे, इनको भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है ।

दरअसल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्ति रोड किनारे सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहे की सूचना प्राप्त हो रही थी, उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना फरसगांव पुलिस द्वारा 29 मार्च को मुखबीर के बताए स्थान ग्राम फरसगांव बड़ेडोगर जाने वाली रोड किनारे जाकर घेरा बंदी कर अलग-अलग जगह पर 5 व्यक्तियों को पकड़ा गया।



### शराब का सेवन कर आरोपी चला रहे थे वाहन

*पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 2 अलग-अलग आरोपियों रवि लहरे पिता बाबूलाल लहरे उम्र 19 वर्ष निवासी आड़काछेपड़ा वार्ड कोण्डागांव ,v जीतु नेताम पिता जलीराम नेताम उम्र 21 वर्ष निवासी पुसापाल नयापारा के विरूद्ध धारा 185 एम.व्ही.एक्ट तहत एक सफेद छोटा पीकप क्रमांक सी.जी. 18 एल. 5563 व एक राईडर टी.व्ही.एस. मोटर सायकल क्रमांक सी.जी. 27 क्यू 2826 को जप्त कर कार्यवाही की गयी है तथा अलग-अलग 05 आरोपियों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।*

### ये हैं आरोपी

*पुलिस को पूछताछ में पता चला कि आरोपी चेतन कुमार नेताम पिता सनबोध नेताम उम्र 24 वर्ष निवासी लिहागांव थाना विश्रामपुरी, उमेश मरकाम पिता फरसुराम मरकाम उम्म्र 23 वर्ष निवासी लिहागांव, मनीष दास पिता शंकर दास उम्र 19 वर्ष निवासी फरसगांव, कृष्ण कुमार पटेल पिता लालबहादूर पटेल उम्र 28 वर्ष निवासी फरसगांव, लक्ष्मण मरकाम पिता रामसाय मरकाम उम्र 35 वर्ष निवासी खण्डसरा के रहने वाले हे, जिनके कब्जे से कुल 360 एम.एल. अंग्रेजी शराब, पानी बाटल, डिस्पोजन बरामद किया गया। जिसे जप्तीपत्रक गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा में लिया गया।आरोपियों के विरूद्ध थाना फरसगांव में अपराध कमांक 39, 40, 41, 42/2025 धारा 36 (च) आबकारी धारा 36 (ग) आबकारी एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गयी।*

## करपावंड में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**करपावंड।** जेके लक्ष्मी सीमेंट कंपनी के द्वारा श्रीराम ट्रेडर्स करपावंड में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जेके लक्ष्मी सीमेंट का डीलर मनीष गुप्ता एवं सीमेंट कंपनी के इंजीनियर लकेश्वर साहू उपस्थित रहे। क्षेत्र के ठेकेदार और मिस्त्री भाइयों ने अपना स्वास्थ्य का परीक्षण कराया और इसका लाभ लिया।

पेज 11 के शेष...

### चैत्र नवरात्र के...

सिन्हा, गोवर्धन नरेटी, भगवानी राम, मोहन लाल, प्रवीण कुमार सिन्हा ने बताया कि मंदिर में रामायण, जस-गीत का कार्यक्रम के साथ भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

### जांच के दौरान...

उसके खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधित करने के लिये इस्तगाशा तैयार कर अनुविभागीय दण्डाधिकारी न्यायालय चारामा में पेश किया गया और जेल भेज दिया गया ।कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू, एएसआई प्रदीप यादव, आरक्षक हेमंत ठाकुर का योगदान रहा।

### पशु मेला : पशुपालकों...

में शामिल अच्छे पशुपालकों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच छबीला कुंजाम और विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य सावित्री वट्टी, जनपद पंचायत सदस्य कांति पटेल, जनपद पंचायत सदस्य शिल्पा, भाजपा के वरिष्ठ नेता भरत मटियारा, संजय जुर्री के अलावा पशु मेला के नोडल अधिकारी डॉ. विरेन्द्र सिंह नाग, डॉ. चित्रलेखा देव, डॉ. नरेन्द्र राणा, डॉ. नितेश्वरी राणा, डॉ. प्रीति कोड़ोपी, डॉ. धर्मेन्द्र कुर्रे और ब्लॉक नरहरपुर एवं ब्लॉक कांकेर के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, परिचारक, मैत्री, पीएआईडब्ल्यू एवं गौ सेवक उपस्थित रहे।

### कन्या छात्रावास पहुंचे...

नया भवन मिल जाने का आश्वासन देते हुए साफ-सफाई के लिए उनकी सराहना की। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, जनपद पंचायत सीईओ सुरेन्द्र कुमार बंजारे व अन्य लोग उपस्थित रहें।

**खबर संक्षेप**

## छात्राओं को दिया जा रहा आत्मरक्षा का प्रशिक्षण



**गीदम।** पीएमश्री एकलव्य आदर्श विद्यालय कटेकल्याण में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विशेष रूप से लड़कियों को आत्मरक्षा के कौशल सिखाये गये। प्रशिक्षक ने जागरूकता, प्रशिक्षण और व्यक्तिगत सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हुए आत्मरक्षा तकनीति की शिक्षा दी। विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना और उन्हें आत्मरक्षा के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना है। इस कार्यशाला में छात्राओं को विभिन्न आत्मरक्षा तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण एक महत्वपूर्ण अनुभव है। इस अनुभव को लेकर छात्राएं अन्य छात्राओं को भी प्रशिक्षित कर सकती हैं।

## बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे



**मद्देड़।** बीजापुर जिला से करीब 47 किमी दूर चेरपल्ली के पास सकलनारायण की पहाड़ी है। इस पहाड़ी पर स्थित गुफा में भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति है। हर साल गुड़ी पड़वा यानी हिन्दू नववर्ष के दिन बड़ी तादात में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। सकलनारायण गुफा तक पहुंचने कोई पक्का रास्ता नही हैं। पगडंडियों के रास्ते से होकर भगवान के दर्शन करने भक्त पहुंचते हैं। गुफा के अन्दर घनघोर अंधेरा रहता है। दर्शन करने आए भक्त अपने साथ टार्च या मोबाईल टार्च के सहारे अन्दर प्रवेश करते हैं। सामने के प्रवेश द्वार पर चौखट लगी है।

## नवनिर्मित घरों का शुभ गृह प्रवेश समारोह हुआ



**घाटलोहंगा।** जनपद पंचायत बस्तर के ग्राम पंचायत बड़ेचकवा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवनिर्मित घरों का शुभ गृह प्रवेश समारोह बड़े धूमधाम और पारंपरिक रीतियों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नवनिर्मित आवासों को रंगोली से सजाया गया और दीप प्रज्वलन कर समारोह की शुरुआत की गई, जिससे माहौल में उल्लास और उत्साह का संचार हुआ। गृह प्रवेश समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में बड़े चकवा के सरपंच जनक कश्यप, उप सरपंच पूरन सिंह कश्यप के उपस्थिति में नड़गु राम कश्यप कश्यप और गनी राम बघेल को गृह प्रवेश कराया और लाभार्थियों को उनके नए घरों की चाबी सौंपकर इस ऐतिहासिक पल को और भी खास बना दिया। लाभार्थी परिवारों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति आभार प्रकट किया, जिन्होंने उन्हें अपना सपना पूरा करने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत देवभूमि की पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ की गई।

### संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम की तैयारियां जोरो पर

# कमिश्नर एवं आईजी ने बस्तर पंडुम की तैयारियों का किया अवलोकन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जनजातीय विरासतों, कला एवं संस्कृति के धरोहरों का संरक्षण,संवर्धन और उन्हें एक नवीन मंच देने के उद्देश्य से जिला मुख्यालय के हाई स्कूल ग्राउंड में बस्तर पंडुम की तैयारियां पूरे जोरो पर इस क्रम में आज बस्तर कमिश्नर डोमन सिंह और आईजी सुंदरराज पी. ने आज अपने एक दिवसीय दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान हाई स्कूल ग्राउंड में आयोजित आगामी होने वाले संभाग स्तरीय बस्तर पंडुम की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि मुख्य अतिथि के आगमन से लेकर स्टॉल, पेयजल, टॉयलेट, सुरक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को आयोजन स्थल पर सभी व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी रखने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने आगे कहा कि बस्तर पंडुम बस्तर क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन है, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, कलाकार और प्रशासनिक अधिकारी होगे। इस उत्सव के माध्यम से बस्तर की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा दिया जायेगा।

इस मौके पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा कमिश्नर एवं आईजी को कार्यक्रम की रूपरेखा के संबंध में विस्तार पूर्वक अवगत कराया। इसमें पार्किंग व्यवस्था, अति विशिष्ट अतिथियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था, बाहर से आने वाले प्रतिभागियों के रहवास खान-पान के अलावा कार्यक्रम स्थल में विभागों द्वारा प्रदर्शित किये जाने वाले स्टालों के संयोजन जैसे विभिन्न बिन्दु शामिल रहें। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, एडिशनल एसपी आरके बर्मन सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## ग्राम करंदोला में धूमधाम से मनाया गया हिन्दू नववर्ष




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी

ग्राम करंदोला में इस बार हिन्दू नववर्ष के मौके पर धूमधाम से समारोह आयोजित किया गया। युवाओं ने पूरे ग्राम को सुंदरता से सजाया, जिससे त्यौहार जैसा माहौल बना। पूरे गांव में रंग-बिरंगे फूलों और झंडों से सजावट की गई , जो नववर्ष की खुशी और उमंग को दर्शाती है। माता शीतला मंदिर में विशेष पूजा अर्चना और दीप प्रज्वलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को दीपों से सजाया गया और वहां उपस्थित भक्तों ने सामूहिक रूप से दीप जलाकर नववर्ष का स्वागत किया। इसके अलावा इस खास दिन पर भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें ग्रामवासियों को प्रसाद वितरित किया गया। इस आयोजन से गांव के लोगों में एकता और भाईचारे का संदेश भी गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गांव के युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने न केवल आयोजन की योजना बनाई, बल्कि आयोजन की हर छोटी-बड़ी जिम्मेदारी भी बखूबी निभाई। उनकी मेहनत और समर्पण ने इस दिन को खास बना दिया।

ग्रामीणों ने इस नववर्ष को मिलकर मनाने के इस अवसर को उत्साह के साथ सहेजा और यह समारोह गांव में एक यादगार पल बन गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज कांबले, अरविंद सोलंकी, देवराज सोलंकी, कृष्णा साहू, संजय तिवारी, निलय कश्यप, संजीव शर्मा, रवि नामदेव, भारत साहू, मलिक साहू, योगेश जैन, गजेंद्र ठाकुर, लक्ष्मी वैध, कुलेश्वर कश्यप, पुरुषोत्तम नेताम, अरविंद वर्मा, राकेश जैन, रोशन गुप्ता, छबील ठाकुर का विशेष योगदान रहा।

## मेला एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने का माध्यम हैः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के आगमन पर स्थानीय कार्यकर्त्ताओं ने ढ़ोल नगाड़ा एवं पटाखे के आतिशबाजी करके जगह-जगह भव्य स्वागत किया। बस्तर क्षेत्र की सुख समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक समरसता को प्रदर्शित करने वाला ग्राम पंचायत मावलीगुड़ा मेला इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

मावलीगुड़ा मेला बस्तर अंचल के ग्रामीण अंचलों में आयोजित होने वाले महत्वपूर्ण मेलों में से एक है। जहां स्थानीय ग्रामीण, व्यापारी, खेल प्रेमी और सांस्कृतिक दल एकत्रित होते हैं। विधायक मेले में पहुंचकर उपस्थित ग्रामीणों और गणमान्य नागरिकों से मुलाकात की। स्थानीय व्यापारियों से बातचीत कर समस्याओं और आवश्यकताओं को जाना। विधायक ने कहा कि मावलीगुड़ा मेला सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने का माध्यम भी है। स्थानीय जनता को आश्वस्त किया कि सरकार उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सदैव तत्पर है। मावलीगुड़ा 7 स्टार कबड्डी फाइनल मैच के आयोजन में खिलाड़ियों से परिचय वार्ता किया। कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल तुंगापाल एव कौड़ावड के मध्य मैच खेला गया। जिसमे तुंगापाल की टीम ने 40-20 से जीत दर्ज की। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। यह मैच युवाओं के बीच खेल भावना और प्रतियोगी उत्साह को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

विधायक ने फाइनल मुकाबले से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि यह अनुशासन, परिश्रम और टीम वर्क की सीख भी देता है युवाओं से आग्रह किया कि वे खेलों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें और अपनी प्रतिभा को निखारें।

मेले में उपस्थित जनता ने विधायक के आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त की और उनके द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और आवश्यकताओं से उन्हें अवगत कराया, जिस पर उन्होंने सकारात्मक समाधान करते हुए मंदिर प्रांगण में शेड निर्माण हेतु 3 लाख रूपये देने की घोषणा की। इस दौरान मौजूद रहे जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, गजामनी नाग पूरन सिंह ठाकुर, मनोज ठाकुर, महादेव सिंह, डमरू, सुरेश, लखन बघेल, बसंत, समलू,बुदरूराम बघेल, हरदास बघेल, जितेंद्र तिवारी, राजेश कुमार, गणपती, एवं समस्त कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने किया रक्तदान, कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**बीजापुर।** जिले में एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर एसडीएम जागेश्वर कौशल ने भी रक्तदान कर लोगों को प्रेरित किया। जिले के कलेक्टर ने कैंप का निरीक्षण किया और आयोजन की सराहना की। इस दौरान रेड क्रॉस सोसाइटी के नर्वेद सिंह एवं जिला संगठक रेड क्रॉस संघ के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। यह रक्तदान शिविर जिले में स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रक्तदाताओं की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। आयोजन के दौरान जिले के विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में हाई मास्ट लाइट का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



नगर पंचायत बस्तर के डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड 4 में स्थितलाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में हाई मास्ट लाइट की स्थापना के लिए भव्य भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ नगर के विभिन्न पार्षदगण एवं अधिकारी भी शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में पार्षद समीर कुमार मिश्रा, नरसिंह नाग, सीताराम बघेल, भागरथी यादव, शिवानी मौर्य, वीर सिंह, मंगल बघेल, आशावती, बंशीधर कश्यप, सोनमती मौर्य समेत कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा, नगर पंचायत के सीएमओ तरुण पाल लहरे, सीएमओ इंजीनियर रोहित नाग, अनिल साव, रामदास कश्यप, महेश मौर्य, सहदेव, राजेश मौर्य, रविंद्र ठाकुर, सागर बघेल, योगी ठाकुर और तुलसी कश्यप ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में हाई मास्ट लाइट लगाने का उद्देश्य खेल सुविधाओं को आधुनिक बनाना है, जिससे खिलाड़ियों को रात में भी अभ्यास करने का अवसर मिलेगा। इस सुविधा से स्टेडियम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ और कार्यक्रम सुचारू रूप से आयोजित किए जा सकेंगे।

### स्थानीय नागरिकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया

नगरवासियों ने इस परियोजना का स्वागत किया और नगर पंचायत के प्रयासों की सराहना की। नागरिकों का मानना है कि इस पहल से खेल प्रेमियों को अधिक अवसर मिलेंगे और खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

### नगर पंचायत अध्यक्ष का बयान

इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष देवकी भद्रे ने कहा, नगर के विकास में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारी कोशिश है कि नगरवासियों को बेहतर सुविधाएँ मिलें और युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने के अवसर मिलें। भविष्य में भी नगर पंचायत द्वारा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने के प्रयास जारी रहेंगे। इस भूमि पूजन कार्यक्रम ने नगरवासियों में उत्साह बढ़ाया और खेल प्रेमियों को एक नई उम्मीद दी है।

## चैत्र नवरात्रि पर भालुकोना में प्रज्वलित हुईं आस्था की 299 ज्योतियां

### श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की कृपा प्राप्ति के लिए किया मनोकामना कलश का प्रज्वलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन





चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर आस्था और भक्ति का माहौल पूरे क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। मोहरा, हिरमी, कुथरौद, भालेसुर, मुसवाडीह, भालुकोना सहित आसपास के गांवों में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की कृपा प्राप्ति के लिए मनोकामना ज्योतियों का प्रज्वलन किया। विशेष रूप से भालुकोना स्थित चितावर धाम में भक्तों की बड़ी संख्या उमड़ी।

यहां कुल 299 ज्योतियां प्रज्वलित की गईं, जिनमें 33 घी की ज्योतियां और 266 तेल की ज्योतियां शामिल रहीं। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर श्रद्धालु उपवास, हवन, पूजा-पाठ और भजन-कीर्तन में लीन नजर आए। चितावर धाम में देवी भक्तों ने मां दुर्गा से सुख, समृद्धि और शांति की प्रार्थना की। श्रद्धालुओं का मानना है कि इस पवित्र स्थल पर प्रज्वलित ज्योतियां उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करेंगी।

नवरात्रि के दौरान विभिन्न गांवों में देवी मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया है और विशेष अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं। स्थानीय समिति के सदस्य एवं ग्रामीणों ने इस धार्मिक आयोजन में सहयोग दिया। क्षेत्र के श्रद्धालु मां दुर्गा की उपासना में लीन होकर अपनी आस्था प्रकट कर रहे हैं। नवरात्रि की इस भक्तिमय बेला में पूरा क्षेत्र देवी भक्ति से सराबोर नजर आ रहा है।

## नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी की चपेट में आने से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

माओवादियों की कायराना करतूत एक बार फिर सामने आई है। महुआ चुनने गई एक महिला की माओवादियों द्वारा लगाये गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से मौत हो गई है। विस्फोट में मारी गई महिला सुशीला सोढ़ी पति स्व पापैया सोढ़ी (40) सोढ़ीपारा उसूर की रहने वाली थी, जो महुआ बीनने के लिए 5 किमी पश्चिम में बोत्तामरका की पहाड़ी मे गई हुई थी।

- महुआ के लिए पहाड़ी पर गई थी सुशीला, तभी हुआ ब्लास्ट
- बीजापुर के उसूर थाना क्षेत्र में रविवार शाम 5 :30 हुआ ब्लास्ट

इसी दौरान रविवार शाम लगभग 5:30 बजे माओवादियों के द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उसूर लाया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। उसूर पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है। महिला के शव को पीएम के लिए उसूर में रखा गया है। सोमवार को पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।



### आईईडी ब्लास्ट में पिछले 15 माह में 7 की मौत, 6 घायल

वर्ष 2024 से अब तक पिछले 15 माह में माओवादियों के द्वारा लगाए गए प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से 7 निर्दोष ग्रामीणों की मौत हो चुकी है। वहीं 6 ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। गौरतलब है कि नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने अंदरूनी इलाकों में बड़े पैमाने पर आईईडी प्लांट कर रखा गया है, जिसकी चपेट में आने से निर्दोष सैकड़ों ग्रामीणों व मवेशियों की मौत हो चुकी है।

## ग्रामीण फ्लोराइड युक्त पानी पीने को मजबूर : ताटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



पूर्व जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने भोपालपटनम विकासखंड के अधिकांश ग्रामों में गहराते जल संकट पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त विभिन्न मदो से भी समय समय पर उत्खनन किए गए अनेको हैंड पंप उचित रखरखाव के अभाव में या तो बंद पड़े हैं या फिर इन हैं। डपंपों का पानी पीने योग्य नहीं होने के कारण ग्रामीणों के समक्ष पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल पहचाने वाली सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्रारंभ की गई इस योजना में कार्यरत संबंधित ठेकेदार द्वारा सिर्फ पानी टंकी एवं स्टैंड पोस्ट लगाने का काम कर स्वीकृत राशि का पूरा पूरा आहरण तो कर लिया है लेकिन जल आपूर्ति के नाम पर नल की सुखी टोंटिया ही घर की शोभा बढ़ा रहे हैं।

ताटी ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत ठेकेदार द्वारा सबसे पहले जल स्त्रोत की खोज कर बोरवेल का उत्खनन कर इसके पश्चात ही स्ट्रक्चर खड़ा करते हुए पानी टंकी लगाने का काम किया जाना था लेकिन ठेकेदार द्वारा ऐसा न करते हुए सबसे पहले स्ट्रक्चर खड़ा कर पानी टंकी लगाने का काम कर फिर जल स्त्रोत ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है।

## ग्रामीणों तथा स्कूली बच्चों को दिए जरूरत के सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




नक्सल मुक्त अभियान के अंतर्गत पुलिस महानिरीक्षक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल छतीसगढ के निर्देशन में 22 वीं बटालियन ने 30 मार्च को मोदकपाल थाना अंतर्गत थिंकीगुट्टा, भट्टट्टीगुडा, फरसापल्ली एवं पुसीगुडी ग्रामीणों के लिए सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। 22 वीं बटालियन के कमाण्डेंट मोहित कपूर के नेतृत्व में सजीव कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, पंकज कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, प्रेम कुमार सिंह, सहा. कमाण्डेंट, निरीक्षक महावीर प्रसाद मीणा, मोदकपाल थानाध्यक्ष निरीक्षक आकाश कुमार द्वारा फरसापल्ली, भट्टीगुडा, पुसीगुडी इत्यादि गांव के नागरिकों (पुरूष, महिला, बुजुर्गो तथा स्कूल के बच्चों) को स्कूल ड्रेस, बैग, खेल एवं मनोरंजन का सामान व साईकिल वितरित किया गया। इसके आलावा आस-पास के ग्रामीणों को आम जरूरत का सामान जैसे साड़ी, चप्पल, लुगी, गमछा कंबल घरेलू बर्तन, कुदाल, गैंती, पानी की टंकी, टेलीवीजन, सोलर लैंप आदि वितरित किया गया। सिविक एक्सन प्रोग्राम में आये हुए सभी ग्रामीणों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गांव के सरपंच, थानाध्यक्ष के साथ-साथ 22 वीं वाहिनी के कमाण्डैन्ट उपस्थित रहे। खेल-कूद, स्कुल ड्रेस, बैग व स्टेशनरी का सामान पाकर बच्चे काफी उत्साहित थे वहीं महिलाएं एवं बुजुर्गों के चेहरों पर भी संतोष तथा खुशी की लहर देखी गई।

## खबर संक्षेप



### पीएम आवास का सरपंच ने किया लोकार्पण

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल में प्रधानमंत्री आवास में गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया। पीएम आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत संपूर्ण राज्य में सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसके साथ ब्लॉक मुख्यालय दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत दुर्गूकोंदल में भी पूर्ण आवास को उद्घाटन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल के सरपंच शकुंतला नरेटी, उपसरपंच तामेश्वरी जैन, वार्ड पंच संजय उसेंडी और अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### ग्रामीण ने फांसी लगाकर दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत व्यासकोंगेरा निवासी 55 वर्षीय नारायण उसेंडी ने अपने घर बाड़ी में अज्ञात कारणो के चलते फांसी लगा लिया। व्यासकोंगेरा निवासी उत्तम उसेंडी ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 28 मार्च की रात 10 बजे घर के बाड़ी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### झूलेलाल जन्मोत्सव पर निकली भव्य दोपहिया वाहन रैली

**जगदलपुर।** झूलेलाल जन्मोत्सव पर श्री सिंधी गुरुसंगत गुरुद्वारा कमेटी के तत्वावधान में रविवार को श्री सिंधी पंचायत, नवयुवक मंडल, सेवा समर्पण मंडल एवं झूलेलाल समिति महिला प्रकोष्ठ द्वारा शहर में भव्य दोपहिया वाहन रैली निकाली गई। इसमें समाज के बड़ी संख्या में मातृशक्ति, पुरूष कार्यकर्ता, युवक-युवतियां सम्मिलित रहीं। रैली के दौरान जगह-जगह स्वागत किया गया और स्टैट बैंक चौक में भंडारा का आयोजन किया गया।

### बीएसएनएल दे रहा हाई स्पीड इंटरनेट की सेवा

**जगदलपुर।** बीएसएनएल बस्तर के हर क्षेत्र में दूरसंचार सेवा के प्रचार प्रसार हेतु प्रयासरत है। वर्तमान में बस्तर संभाग के हर जिले में ब्लॉक स्तर और विभिन्न ग्राम पंचायत स्तर तक भी बीएसएनएल द्वारा हाई स्पीड इंटरनेट की सेवा दी जा रही है। इसी क्रम में बीएसएनएल द्वारा अपने नए ग्राहकों के लिए फास्ट इंटरनेट सेवा एक माह के लिए फ्री में देने की योजना जारी की गई है। उक्त जानकारी टीडीएम शरद चन्द्र तिवारी ने दी।

### टमाटर 10 रुपए किलो तक में बिका

**जगदलपुर।** साप्ताहिक बाजार में रविवार को शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र खरीददार पहुंचे। बाजार में टमाटर 6-10, मटर 60, करेला 60, फूलगोभी 50, भिंडी 60, आलू 30, प्याज 40, अदरक 180, लहसून 250, लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रहा है। सब्जियां सस्ते होने से बाजार में भीड़ अधिक रही।

कार्यक्रम : गृहप्रवेश में शामिल हुए जनप्रतिनिधि व अफसर, ग्रामीणों के चेहरों पर दिखी खुशी

# चैत्र नवरात्र पर ग्रामीण परिवारों को मिली पक्के आवास की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राही परिवारों को रविवार को चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर पक्के आवास की सौगात मिलने पर हितग्राहियों में अपार खुशी दिखाई दी। इस मौके पर जिले के सातों विकासखण्डों के 9753 हितग्राहियों का उनके नए भवन में प्रवेश करवाने कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हितग्राहियों द्वारा विधि -विधान के साथ पूजा अर्चना कर गृह प्रवेश किया गया।

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के लिए पक्का मकान देने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं ग्रामीण प्रारंभ किया और उसका परिणाम यह रहा कि अब गरीबों को पक्के मकान नसीब होने लगे है। चैत्र प्रतिपदा हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य पर 30 मार्च को विकासखंड कांकेर के ग्राम तालाकुर्रा में आयोजित महा गृह-प्रवेश कार्यक्रम में कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हितग्राहियों को प्रतीकात्मक चाबी एवं उपहार भेंट कर नवनिर्मित आवास की बधाई दिया। कलेक्टर ने कहा कि जिले में लक्ष्य के अनुरूप पीएम आवास शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में पूरे किए जा रहा है, इससे अंतिम से अंतिम व्यक्ति को योजना का लाभ मिल रहा है। यह ऐसी योजना है, जिससे सीधे प्रभावित को लाभ मिलता है।





### मुसुरपुट्टा एवं दुधावा में पीएम आवास की सौपी चाबी

ग्राम पंचायत दुधावा में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत हिंदू नव वर्ष में गृह प्रवेश का कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें उपस्थित जनपद पंचायत नरहरपुर उपाध्यक्ष संजू गोपाल साहू ,जनपद सदस्य वीणा बंटी राय, सरपंच ग्राम पंचायत दुधावा आकाश नेताम, उप सरपंच निरंजन गंजीर रोजगार सहायक देवव्रत जैन, देवाशीष मरकाम, इंद्रभान साहू ने प्रधानमंत्री आवास घरों में गृह प्रवेश दीप प्रज्वल,नारियल और फीता काट कर कराया। हितग्राही सम्मुख पिता प्रेमलाल, श्यामलाल पिता प्रेमलाल, गोपी पिता गणेश, मधु पिता बैजनाथ और ब्रिज दास पिता कोमल दास के घरों को गृह प्रवेश करवाया गया, जिसमें वार्ड पंच दुर्गा पंजवानी संजना नेताम , ज्ञान नेताम,रविंद्र साहू, हेमलाल रजक उपस्थित थे । इस अवसर पर संजूगोपाल साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना का मकसद गरीबों की पक्का आवास उपलब्ध कराना है, जिन हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास आवंटन हुआ , वह जल्द ही अपने आवास को पूरा करे।

## चैत्र नवरात्र पर दंतेश्वरी मंदिर में प्रज्ज्वलित किए गए ज्योतिकलश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

शक्ति का पर्व चैत्र नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में माता की विशेष पूजा-अर्चना की गई। साथ ही देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई। सुबह से ही मंदिर में माता के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। व्रतधारियों ने माता का दर्शन कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना किया। गढ़ बांसला दंतेश्वरी मंदिरों में भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया है। 200 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया है। विधि विधान पूजा अर्चना के कर शाम 5 बजें मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया। माता की भक्ति व उपासना का पर्व नवरात्र रविवार से शुरू हो गया। क्षेत्र में नवरात्र का पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया जाता है। नौ दिनों तक चलने वाले नवरात्र पर्व को देखते हुए ग्राम बांसला के दंतेश्वरी मंदिर में विशेष साज-सज्जा की गई है। नवरात्र के अवसर पर नौ दिनों तक दंतेश्वरी माता के विभिन्ना रूपों की पूजा की जाएगी। नवरात्र में माता की पूजा अर्चना का विशेष महत्व है, जिसके चलते ही नवरात्र शुरू होते ही सुबह से ही मंदिरों में माता के दर्शन के लिए भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। संबलपुर के शितला माता मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर माता का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर पहुंचकर भक्तों ने माता की पूजा-अर्चना कर उनसे अपनी मनोकामना पूरी करने की कामना की। संबलपुर के प्रमुख शीतला देवी मंदिरों में नवरात्र के अवसर पर ही नहीं दूर-दराज क्षेत्रों से भक्त माता के दर्शन के लिए पहुंचते रहे। मंदिर में माता के दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु ने बताया कि वे नवरात्र में माता की पूजा का विशेष महत्व होता है। इसलिए हर्ष हिंदू नववर्ष की शुरूआत माता के दर्शन व पूजन के साथ करते हैं।

## रासेयो सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| घाटलोहंगा



शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर जगदलपुर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम कविआसना जिला बस्तर में 24 मार्च से 30 मार्च तक के लिए रखा गया। जिसका शिविर थीम स्वच्छता ही सेवा के लिए युवा है। उक्त शिविर का 30 मार्च को समापन किया गया।

मुख्य अतिथि यज्ञ सिंह विभाग प्रचारक जिला बस्तर, अध्यक्षता- प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव कुलपति शमक विवि बस्तर, डॉ. संजीवन कुमार कार्यक्रम अधिकारी, शिविर प्रभारी डॉ. बीएल साहू, डॉ.सोहन कुमार मिश्रा, डॉ. दुर्गेश डिक्सेना। विशेष अतिथि जानकीबाई कश्यप सरपंच कविआसना, भाव सिंह कश्यप, डॉ शरद नेमा, डॉक्टर स्वपन कुमार कोले, श्रीनिवास रथ, विनोद कुमार सोनी, डॉ. सुक्रिता तिर्की, देवचरण गावडे, केजू राम ठाकुर, बी. एल.केवट, डॉ संजय कुमार डोंगरे, बहोरन लाल सूर्यवंशी। महादल नायक भुवन कुमार सिन्हा, महादल नायिका सुमन राठौर, दल नेतृत्वकर्ता श्वेता डेहरिया, भूमिका मौर्य, प्रदुमन पदमे, टिकेश्वर साहू, मोबिन खान, डमरूधर कश्यप, काजल रानी, प्रवीण कुमार। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के कर कमलो से दीप प्रज्वलित कर लक्ष्य गीत गाया गया। तत्पश्चात सरपंच एवं अतिथियों द्वारा आशीष उद्बोधन दिया गया। एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं ग्राम कविआसना के बच्चों द्वारा नृत्य, गायन, वादन प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में भाग लिए प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार रखा गया। नृत्य प्रथम पुरस्कार भूमिका मौर्य एकल, नेपाल एवं स्मिता युगल , प्रवीण एवं साथी सामूहिक एवं श्वेता डेहरिया एकल गीत, अशोक एवं समूह समूह गीत ,चंद्रशेखर कैसिओ प्ले , मोबिन खान बांसुरी वादन, सत्यम ग्रूप नाटक को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम की अंतिम बेला में डॉ बीएल साहू द्वारा धन्यवाद ज्ञापन सौपा गया।

## चाऊरगाव में हुआ विखं स्तरीय सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम, हितग्राहियों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गूकोंदल

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर रविवार को संपूर्ण राज्य में सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसके तहत बिलासपुर के मुख्य कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य भर के 3 लाख पूर्ण आवासों के हितग्राहियों का सामूहिक गृह प्रवेश कराया।

अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर ने बताया कि विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत 44 ग्राम पंचायतों के 472 पूर्ण आवासों के हितग्राहियों का ग्राम पंचायत चाऊरगाव में विकासखंड स्तरीय सामूहिक गृह प्रवेश का आयोजन किया गया था, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, अध्यक्षता सरपंच रजनी बाई पूंगाटी, विषेश अतिथि जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम, जनपद सदस्य निर्मला कोवाची कि उपस्थिति में लोकार्पण एवं गृह प्रवेश कराया गया। हितग्राहियों के घरों में रंगोली सजाकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर पारंपरिक रीति रिवाज से सामूहिक गृह प्रवेश कराया गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष ने कहा कि शासन के द्वारा प्रधानमंत्री आवास गरीबों को प्रदान की जा रही है, जो की एक महत्वपूर्ण योजना है और लोगों को बड़ी राहत मिल रही है। जिला पंचायत सदस्य ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत संपूर्ण राज्य में लाखों की संख्या में सरकार दे रही है। वहीं सरकार के द्वारा गरीबों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के एवं रहने के लिए घर प्रदान की जा रही है, जिससे लोगों को सुविधा मिल सके एवं अन्य जन कल्याणकारी योजना देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, क्योंकि गरीबों के हित में है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत की उपसरपंच तुकाराम पटेल, सतीश जैन, रजमन कोवाची, जितेंद्र सहारे, तीजूराम जैन राम पोटाई, प्रमोद ठाकुर, अंकुर बघेल व अन्य उपस्थित रहें।

## चैत्र नवरात्र और हिन्दू नववर्ष पर्व पर मातृशक्ति ने निकाली स्कूटी रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

विक्रम संवत 2082 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नवरात्र के प्रथम दिवस और हिन्दू नववर्ष के अवसर पर शहर में सनातनी मातृ शक्तियों ने स्कूटी रैली निकाली। इस दौरान डीजे के भजन धुन पर आदिशक्ति माता के भक्ति में थिरकते जयकारे कर पूरे शहर को भक्तिमय वातावरण में बदल दिया।

स्कूटी रैली दंतेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर निकली, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते वापस दंतेश्वरी मंदिर के समक्ष पूजा अर्चना,आरती और प्रसाद वितरण के साथ सम्पन्न हुआ। सर्व हिन्दू समाज के नेतृत्व में हर वर्ष हिन्दू नववर्ष और नवरात्रि के प्रथम दिवस पर मातृ शक्तियों की स्कूटी रैली का धार्मिक आयोजन किया जाता है। स्कूटी रैली में सम्मलित सभी मातृ शक्ति भगवा साड़ी और



सिर में साफा बांध हाथों में भगवान श्री राम के ध्वज लिए बढ़ रही थी। एक दिन पूर्व सर्व हिंदू समाज द्वारा माँ दुर्गा मंदिर शांति नगर वार्ड में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा सृष्टि सृजन दिवस पर नववर्ष उत्सव मनाए जाने संबंधी तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बैठक किया गया। बैठक में नववर्ष उत्सव को हिन्दू गौरवशाली परंपरा व गरिमा के अनुरूप भव्यता-दिव्यता के साथ मनाए जाने को उपस्थित सनातनी संकल्पित हुए।

## परिवहन विभाग का एक वर्ष पूर्व स्थापित धर्मकांटा हुआ बेकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

परिवहन विभाग ने धनपूंजी स्थित बेरियर में वाहनों के ओव्हरलोड पर शिकंजा कसने के लिए एक वर्ष पूर्व धर्मकांटा का निर्माण किया। जिस जमीन पर धर्मकांटा बनाया गया वह जमीन विवादित होने के चलते धर्मकांटा अब तक शुरू नहीं किया गया। इसके चलते विभाग शासकीय राशि अनुपयोगी हो गई और धर्मकांटा बेकार हो गया। बताया जा रहा है कि बाहर से आने वाली वाहनों की जांच के लिए धर्मकांटे की जरुरत पड़ती है। ओव्हरलोड चलने वाली वाहनों से फाइन वसूला जाता है। इसके लिए धर्मकांटा में वाहन सहित लोड की गई सामग्री का वजन किया जाता है। धर्मकांटा नहीं होने के चलते परिवहन विभाग ने उड़नदस्ता प्रभारियों को वाहनों का लोड के वजन लेने के लिए नए उपकरण दिया गया है, जिससे उड़नदस्ता की



टीम स्थल पर ही वाहन का ओव्हरलोड ले रहे हैं।

### विवाद के कारण धर्मकांटा शुरू नहीं

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि धनपूंजी में विभाग के मुख्यालय की ओर से धर्मकांटा का निर्माण किया। इसकी कोई फाइल बेरियर एवं आरटीओ के कार्यालय में नहीं है। साथ ही जमीन विवाद होने के चलते धर्मकांटा शुरू नहीं हो सका।

## मछली उत्पादन कार्य का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, टीम का बढ़ाया उत्साह



**दुर्गूकोंदल।** राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत महिला संगठन के मछलीपालन कार्य का कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर निरीक्षण किया। कलेक्टर ने दुर्गूकोंदल क्षेत्र वनांचल का सघन दौरा करते हुए विभिन्न कार्यों का एवं निर्माण कार्यों का अवलोकन एवं निरीक्षण किया, जिसमें राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गूकोंदल के आश्रित ग्राम पालचुर के जलाशय में मछली पालन के कार्य का निरीक्षण किया।

आजीविका संवर्धन के वृद्धि कर रही आरती महिला ग्राम संगठन के सभी महिलाओं से कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के द्वारा चर्चा की गई एवं महिलाओं द्वारा कर रहे कार्य को प्रोत्साहित किया एवं मत्स्य विभाग द्वारा और अच्छे से क्वालिटी बीज दिलाने की बात कही। साथ ही साथ आरती महिला ग्राम संगठन की महिलाओं के मांग के अनुसार सेट बनवाकर देने की बात कही। कलेक्टर एवं जिला सीईओ के द्वारा मांग पूरी करने का अश्वासन दिया गया। छोटी मछलियों के साथ-साथ बड़ी मछलियों का बीज डालकर उत्पादित करने व समुचित विपणन करने की बात कलेक्टर ने महिलाओं से कहा। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी, जनपद पंचायत के सीईओ सुरेंद्र बंजारे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर, बीपीएम नंदिनी दीवान उपस्थित रहें।

## जागरुकता शिविर का आयोजन

**जगदलपुर।** 25 मार्च को ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत फूटवेयर निर्माण पर राज्य स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन बस्तर जिला खादी ग्रामोद्योग संघ के माड़पाल स्थित केन्द्र पर आयोजित किया गया। सहायक निदेशक एएस मालखेड़े ने उक्त फूटवेयर निर्माण के संबंध में जरूरी एवं महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में पंचायत सरपंच महादेव बाकड़े, पंच मंजू सहारे, संस्था सचिव बद्रीप्रसाद बाम्बी, सिद्धार्थ बाम्बी, प्रकाश सोनटके, सियाराम सहारे, बेनुधर, किरण, संग्राम नाग, रामप्रसाद बुनकर एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम पीएमईजीपी के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## झूलेलाल जयंती पर वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूरे करने वाली सिंधी दंपत्ती का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर।





सिंधु समाज के महिला विंग सुनहरे कदम द्वारा एक अभिनव कदम उठाते हुए समाज के उन दंपतियों का सम्मान किया गया, जिनके वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूर्ण हुए हैं और वे सफल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। कांकेर शहर के पुराने कम्युनिटी परिसर में आयोजित समारोह 20 झूलेलाल जयंती के एक दिन पहले 29 मार्च को रात 8 बजे आरती से शुरू हुआ। इसके उपरांत सिंध समाज के ऐसे दंपत्ति जिनके वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूरे हुए, उनका सम्मान किया गया, इसके उपरांत समाज के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, परिसर में आयोजित आनंद मेल का भी लुत्फ उठाया गया। सुनहरे कदम की अध्यक्ष सुनीता मोटवानी ने बताया कि झूलेलाल जयंती के एक सप्ताह पहले से कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते है, उसी के तहत इस बार यह नए कार्यक्रम को जोड़ा गया। समाज के ऐसे दंपत्ति जिनके वैवाहिक जीवन 50 वर्ष पूरा करने वाले मेघराज लीला मंगलानी, मनोहर सरला मंगलानी, रमेशदास जस्सी हिरदानी, कल्याण दास कमला नागवानी, प्रताप राय रेखा गिड्ला, शिवराज कौशल्या मोटवानी, ध्यानचंद पूनम केवल रामानी, आयलदास सरस्वती लच्छानी, दौलत राम रेखा फब्यानी, श्याम कामिनी लालवानी, लक्ष्मीचंद रीता लालवानी, गुलाबचंद पुष्पा केशवानी, लख्मीचंद सरला फब्यानी, विशनदास आशा असरानी, गोपालदास पुष्पा वल्र्याणी, जगदीश सुशीला फब्यानी, आनंदराम कविता लोहानी, श्रीराम सुलोचना माखीजा, सच्चानंद मीरा माखीजा और राजाराम ध्यानी मोटवानी का सम्मान वैवाहिक स्वर्ण जयंती के रूप में किया गया और विवाह की तरह फूल मालाओं से सम्मान किया गया।

सुनहरे कदम के द्वारा समाज के वरिष्ठ बुजुर्गो सतराम दास पंजाबी, धर्मदास सबनानी, नारायणदास केवल रामानी, गागनदास मोटवानी, नारायण दास बुधवानी, नानक असरानी, चंद्रपाल जसनानी का विशेष सम्मान किया गया, इसके अलावा कार्यक्रम में पहुँचे नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, मांझापारा के पार्षद पार्षद हितेंद्र खटवानी और जन सहयोग समाज सेवी संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी का भी सम्मान किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
06 मई से 15 मई , 20 मई से 29 मई , 03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411